मुख्यमंत्री सचिवालय

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

***राँची,दिनांक–26.03.2020***

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति- *321/2020*
*26* मार्च *2020*
मुख्यमंत्री आवास रांची

==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कोरोना वायरस के संक्रमण से मरीजों के बचाव , सुविधाओं एवं एहतियाती तैयारी आदि को लेकर आला अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की।

==========================

राज्य भर के अस्पतालों इत्यादि जगहों में बने क्वारंटाइन व आइसोलेशन वार्ड में मरीजों को रखने की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश।

==========================

वार्डों में साफ-सफाई सैनेटाइजर एवं डॉक्टर व स्टाफ नर्स की व्यवस्था *24x7* सुनिश्चित किया जाए।

==========================

★ खाद्यान्न उठाव और वितरण का जियो टैगिंग सुनिश्चित करें

★ लॉकडाउन की अवधि तक किसी भी प्रकार का खाद्यान्न राज्य के बाहर न जाए

★ सेंट्रलाइज्ड किचन स्थापित करें

-- हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्यभर के *9* लाख अंत्योदय परिवार सहित *57* लाख कार्डधारी परिवारों तक ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रखंड वार पीडीएस दुकानों द्वारा खाद्यान्न का उठाव और वितरण कार्यों का जियो टैगिंग के साथ-साथ पोर्टल पर फोटो अपलोड करने की व्यवस्था जल्द तैयार करें। उन्होंने जिलों के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि जन वितरण प्रणाली दुकानों का प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। सरकार के मापदंडों के आधार पर राशन वितरण में किसी प्रकार की कोई कमी ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। सभी लाभुकों को *2* महीने का एडवांस राशन देना सुनिश्चित करें। राज्य के वैसे परिवार जिनके पास राशन कार्ड नहीं है और जरूरतमंद हैं उन्हें भी राशन उपलब्ध कराने के लिए ग्राम स्तरीय समिति समन्वय बनाए ताकि उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। पीडीएस दुकानों के कार्य

प्रणाली में पारदर्शिता रहे यह नोडल पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो यह हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकार द्वारा इस संकट की घड़ी में किए जा रहे कार्यों का पूरा लाभ एक-एक परिवार तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। खाद्यान्न उठाव एवं वितरण की जानकारी एक-एक जनता को होनी चाहिए। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने आज कांके रोड स्थित आवास में राज्य के आला अधिकारियों के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में कहीं।

राज्य के सभी थानों में सेंट्रलाइज्ड किचन की व्यवस्था करें

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने निर्देश दिया कि राज्य भर में जितने थाने हैं वहां पर सेंट्रलाइज्ड किचन की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। थानों पर सेंट्रलाइज्ड किचन की व्यवस्था होने से भुखमरी जैसी नौबत नहीं आएगी और आम जनता की रियल परेशानियों का फीडबैक भी सामने आएगा।

राशन के साथ-साथ चूड़ा,गुड़ और चना देने पर भी किया गया विचार

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बैठक में आला अधिकारियों के साथ मंथन करते हुए विचार किया है कि कोरोना वायरस से उत्पन्न संकट कि इस स्थिति में जल्द ही एक मैकेनिज्म तैयार हो जिसमें खाद्यान्न के साथ-साथ पीडीएस दुकानों में आम जनता के लिए चूड़ा , गुड़, चना, आलू, प्याज इत्यादि भी वितरण किए जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पीडीएस दुकानों को और व्यापक स्तर पर चलाए जाएं। पीडीएस दुकाने कम से कम *12* घंटे कार्यरत रहें। जब कभी भी लाभुक परिवार राशन लेने आए उन्हें राशन उपलब्ध हो यह सुनिश्चित कराएं।

वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशनधारियों को मार्च और अप्रैल माह का पेंशन एडवांस में दें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि राज्य भर में जितने भी वृद्धा पेंशन दिव्यांग पेंशन विधवा पेंशनधारी लोग हैं उन्हें मार्च और अप्रैल माह का पेंशन एडवांस में उपलब्ध कराएं ताकि विपदा की इस घड़ी में वे अपना जीवन यापन ठीक से कर सकें।

केंद्र सरकार के द्वारा घोषणा किए गए राहत पैकेज का पूरा लाभ झारखंड की जनता को मिले यह सुनिश्चित कराएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राहत घोषणा की गई है। राहत पैकेज के अंतर्गत जितने भी निर्णय लिए गए हैं उसका पूरा लाभ राज्य के सभी परिवारों को मिले यह अवश्य सुनिश्चित कराएं।

आपदा की इस स्थिति में कोई भी किराना दुकान बंद ना हो यह सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने कहा है कि आपदा की इस स्थिति में कोई भी किराना दुकान बंद ना हो यह सुनिश्चित कराएं। जरूरत पड़ने पर किराना दुकान के आसपास होमगार्ड के जवानों की तैनाती करें। स्थिति पैनिक ना बने इसके लिए हर संभव प्रयासरत रहें।

राज्य स्तरीय समिति सरकार के कार्यों का मॉनिटरिंग करे

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि कोरोना वायरस के मद्देनजर एक राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों का प्रॉपर मॉनिटरिंग यह समिति करे। ग्रामीण स्तर पर बनी समितियों द्वारा प्रतिदिन सरकार के स्तर पर चलने वाले कार्यों का प्रतिवेदन राज्य सरकार को सौंपे।

सभी आला अधिकारी स्ट्रक्चर बनाकर कार्य करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आला अधिकारी विपदा की इस घड़ी में स्ट्रक्चर तैयार कर कार्य करें। सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें और आपसी समन्वय बनाए।

सभी जिलों के उपायुक्त कार्यों का एक चेक लिस्ट तैयार करें

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि सभी उपायुक्त अपने जिले में हो रहे कार्यों का प्रतिदिन का एक चेक लिस्ट बनाएं और राज्य सरकार को हो रहे कार्यों का पूरा जानकारी उपलब्ध कराएं।

कोई भी खाद्य सामग्री राज्य से बाहर ना जाए यह सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि किसी भी प्रकार का खाद्यान्न राज्य से बाहर नहीं जाए यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आलू प्याज सहित कोई भी खाद्यान्न फिलहाल राज्य से बाहर नहीं जाने दिए जाएं।

जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार प्रसार प्रसार का फार्मूला अपनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोनावायरस जैसी आपदा से निपटने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार होनी चाहिए। लोगों को बल्क एसएमएस , व्हाट्सएप, फेसबुक, एफएम रेडियो इत्यादि के जरिए जागरूक करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग प्रतिबद्धता के साथ प्रचार-प्रसार का कार्य करे। प्रत्येक विभाग के पास प्रचार प्रसार के लिए राशि आवंटित है उसका उपयोग अवश्य करें।

स्वास्थ्य विभाग टेस्ट बढ़ाने के उपाय पर जल्द कार्य करे

मुख्यमंत्री ने कोरोनावायरस के संभावना को देखते हुए निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य विभाग अधिक से अधिक टेस्ट किट एवं मशीन इत्यादि का व्यवस्था व्यापक स्तर पर पूरे राज्य के लिए करें। किसी भी व्यक्ति को अगर टेस्ट कराने जैसी स्थिति होती है तो जल्द टेस्ट हो सके इसके लिए मैकेनिज्म तैयार करें। इस अवसर पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव श्री नितिन मदन कुलकर्णी ने मुख्यमंत्री के समक्ष कोरोनावायरस को लेकर आज तक हुई कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगे किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने राज्य भर के अस्पतालों इत्यादि जगहों में बने क्वारंटाइन व आइसोलेशन वार्ड में मरीजों को रखने की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की वार्डों में साफ-सफाई सैनेटाइजर एवं डॉक्टर व स्टाफ नर्स की व्यवस्था *24x7* सुनिश्चित किया जाए।

गरीबों एवं मजदूर वर्ग के लोगों के लिए विशेष व्यवस्था करने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन की परिस्थिति में यह हम सभी का कर्तव्य बनता है कि गरीब परिवार के लोग एवं मजदूरी करने वाले लोगों के प्रति विशेष फोकस रहना चाहिए। इस तरह के लोगों को कोई तकलीफ और परेशानी ना हो, इनके घरों तक राशन उपलब्धता हो यह सुनिश्चित कराएं।

मुख्यमंत्री ने आम जनता से की अपील

मुख्यमंत्री ने आम जनता से अपील किया है कि कोरोनावायरस के संक्रमण को रोकने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने *21* दिनों का लॉकडाउन किया है। आप सभी लोग इस लॉकडाउन का अनुपालन करें। इस दौरान आप अपने अपने घरों में ही रहना सुनिश्चित करें।

सरकार का पूरा तंत्र आपके साथ है

मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार का पूरा तंत्र आम जनता के साथ है। राज्य में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। आप लोगों के स्वास्थ्य और भोजन के साथ ही जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था में राज्य सरकार लगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार *2* महीने का राशन भी निशुल्क उपलब्ध करा रही है। बहुत जल्द ही यह सुविधा लोगों को मिलेगी।

व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि राज्य में कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनके पास खाने की व्यवस्था नहीं है , रहने की व्यवस्था नहीं है, ऐसी स्थिति में सभी जिलों के उपायुक्त सहित संबंधित पदाधिकारी इनके खाने और रहने की व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे।

व्यवस्था में समन्वय बनाकर काम करने से चीजें आसान होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग घर में हैं उनके लिए खाने-पीने के सामान की बहुत सारी कमी हो जाती है। जो लोग रोज कमाते खाते हैं उनके परिवार के सामने यह स्थिति ज्यादा उत्पन्न होती है। इस सबंध में सभी उपयुक्तों को निर्देश दिया गया है कि जैसे ही जानकारी मिले या फोन के माध्यम से सूचना मिले वहां जनप्रतिनिधियों, प्रखंड कर्मियों, नगर निगम और नगर पालिका के अधिकारियों के माध्यम से उनकी आवश्यकता की अविलंब पूर्ति की जाए। जो भी लोग अथवा परिवार जरूरतमंद हैं उनकी आवश्यकता को पूरा करना सुनिश्चित करें। इस बात का विशेष ध्यान रखना है की कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए यह हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिये। हमारे राज्य में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार दृढ़तापूर्वक लोगों की सेवा में लगी है। व्यवस्था में समन्वय बनाकर काम करने से चीजें आसान होंगी।

बैठक में स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री श्री बन्ना गुप्ता , मुख्य सचिव डॉ डीके तिवारी, अपर मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव श्री केके खंडेलवाल , प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी , प्रधान सचिव श्री अविनाश कुमार , प्रधान सचिव श्री राजीव अरुण एक्का, सचिव श्रीमती हिमानी पांडे, सचिव श्रीमती पूजा सिंघल, सचिव श्री अमिताभ कौशल, निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग श्री राजीव लोचन बक्शी , मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री गोपालजी तिवारी, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार श्री अभिषेक प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

*###*

*======================*

***#Team PRD(CMO)***